# गणतंत्र दिवस पर

## अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक
## श्री राजीव रंजन मिश्र

## का

# संदेश

## 26 जनवरी, 2019

## वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
## नागपुर

YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

सात खदानों को महामहिम राष्ट्रपति के हाथों सम्मानित किये जाने वाले 'राष्ट्रीय सुरक्षा पुरस्कार' के लिए चयनित किया गया है। गत वर्ष हमारी रेस्क्यू टीम ने अंतर्राष्ट्रीय पटल पर रूस में नया कीर्तिमान स्थापित किया था जिससे आप सभी परिचित हैं। कोल इंडिया द्वारा वेकोलि की टीम को गत दो वर्षों से लगातार 'कॉर्पोरेट सेफ्टी अवार्ड' से नवाजा गया है। हमें सदैव सुरक्षात्मक तरीके से खनन के कठिन कार्य को सरलतम बनाना है।

कंपनी ने इस वर्ष NCWA और PAPs योजना के तहत 446 रोजगार के अवसर प्रदान किये और जनशक्ति बजट 2018-19 के अनुसार 333 माइनिंग सरदार की भर्ती प्रक्रिया जारी है। इसी प्रकार चालू वित्तीय वर्ष में 2948 कर्मियों को विभागीय पदान्नति दी गई जो गत वर्ष मात्र 2442 थी। बेहतर सहयोग के लिए ट्रेड यूनियनों के प्रतिनिधि भी बधाई के पात्र हैं। उन्होंने सौहार्दपूर्ण वातावरण में मिशन : डब्ल्यूसीएल 2.0 को सफल बनाने में खासी भूमिका अदा की है।

दिसम्बर 2018 तक नारी शक्ति को और सशक्त बनाने के उद्देश्य से कंपनी द्वारा 100 अकुशल महिला कर्मियों को कंप्यूटर का प्रशिक्षण दिया गया और 2377 परियोजना प्रभावित ग्रामीण युवाओं को प्रशिक्षण दिया गया है। कंपनी कर्मियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कंपनी ने डिजिटल इंडिया की ओर कदम बढ़ाते हुए Coal Net Implementation, Sand Billing Portal, Biometric Attendance, Legal Information System (LIS), Mission 2.0 WCL Portal, HCM Portal, CIMFR Analyzed Data Monitoring Portal, e-Office Application और कोल इंडिया में ERP Implementation की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किये हैं।

साथियों मेरा आपसे आह्वान है कि, 'लक्ष्य प्राप्ति की विजय-पताका लहराये बगैर हम रुकेंगे नहीं।' हम चरैवेति-चरैवेति के सिद्धांत को मानने वाले लोग हैं। निरंतर चलते जाना हमारा काम है, मंजिल को हमारे क़दमों में आना ही पड़ेगा इसी दृढ़ निश्चय के साथ हमें निरंतर आगे बढ़ते रहना है और वित्तीय वर्ष 2018-19 के शेष लगभग दो महीनों में अपने कोयला उत्पादन के निर्धारित लक्ष्य 52.5 मिलियन टन, प्रेषण 59.7 मिलियन टन और OBR 218.5 मिलियन क्यूबिक मीटर को सुरक्षात्मक तरीके से प्राप्त करना ही है।

कार्य-निष्पादन के ये सुखद परिणाम निदेशक मंडल के कुशल कारपोरेट गवर्नेंस, संचालन समिति तथा श्रमिक संघों का सकारात्मक सहयोग, प्रबंधन के विविध स्तरों पर योजनाबद्ध क्रियान्वयन और हमारे सुपरवाइजर्स, श्रमिकों की कड़ी मेहनत तथा उनके परिवारों के सहयोग के चलते प्राप्त हुए हैं। कंपनी के प्रति प्रतिबध्दता और कार्य के प्रति समर्पण की यह अभूतपूर्व मिसाल है।

मैं इस मंच से TEAM WCL का आह्वान करता हूँ कि, हम सभी, चालू वित्तीय वर्ष 2018-19 में भौतिक एवं वित्तीय प्रदर्शन के साथ-साथ गुणवत्ता, ग्राहक संतुष्टि, अनुसंधान एवं विकास, निगमित सामाजिक दायित्व, मानव संसाधन विकास, सतत विकास एवं परियोजनाओं के कार्यान्वयन पर विशेष बल दें। अंत में, मेरी ओर से आप सबको 70 वें गणतंत्र दिवस की पुनः हार्दिक शुभकामनाएं....!

जय हिन्द...!
नागपुर
26 जनवरी, 2019

(राजीव रंजन मिश्र)
**अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक**

@TeamWCL    WCLHRD & MISSION WCL 2.0



# गणतंत्र दिवस के अवसर पर

## अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक का संदेश

मेरे साथी निदेशकगण, मुख्य सतर्कता अधिकारी, संचालन समिति के सदस्यगण, विभागाध्यक्षों, अधिकारियों, कामगार भाइयों, महिलाओं, सज्जनों और प्यारे बच्चों, और TEAM WCL के समस्त सदस्य जो प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से हमसे जुड़े हैं, मैं सभी को गणतंत्र दिवस की 70 वीं वर्षगांठ के पावन अवसर पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूँ। राष्ट्रीय पर्व की इस पावन बेला में हम सभी राष्ट्रीय ध्वज के सम्मुख आज अपने महान राष्ट्र भारतवर्ष के प्रति अपने दायित्वों को पुनः प्रतिस्थापित करने का प्रण लेते हैं।

साथियों, आज हमारा देश विश्व का सबसे बड़ा गणतंत्र तो है ही, साथ ही विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में भी अग्रिम पंक्ति में विराजमान है। अर्थव्यवस्था की प्रगति निःसंदेह ऊर्जा की उपलब्धता पर आधारित होती है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार नई ऊर्जा नीति को लेकर पूरी निष्ठा, लगन और प्रतिबद्धता के साथ कृतसंकल्प है। चूंकि कोयला ऊर्जा का महत्वपूर्ण और सहज सुलभ स्रोत है, ऐसे में हमारी यह जिम्मेदारी बनती है कि, हम अपना भरपूर योगदान देकर नई ऊर्जा नीति को सफल बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करें। इस अवसर पर, मैं TEAM WCL से आह्वान करता हूँ कि, हम सुरक्षा एवं वित्तीय लाभकारिता के साथ अधिक से अधिक उत्तम गुणवत्ता का कोयला उत्पादन कर राष्ट्र की सेवा करें। मुझे पूर्ण विश्वास है कि, आप हमेशा की तरह अपने कार्य क्षेत्र में पूर्ण निष्ठा के साथ समर्पित रहेंगे।

मुझे आपको बताते हुए हर्ष का अनुभव हो रहा है कि, वेकोलि की सक्षम टीम ने विपरीत परिस्थितियों में भी सफलता प्राप्त की और एक विजेता के रूप में उभरकर सामने आई। आपको पता है कि, गत दो वर्षों से वेकोलि पर वित्तीय संकट के बादल मंडरा रहे थे, इस चुनौती को देखते हुए TEAM WCL ने जून 2018 में मिशन 2.0 की शुरुआत की, जिसके सकारात्मक परिणाम दिखाई देने लगे हैं। दोस्तों, यकीन जानिए आपने जिस ऊर्जा और लगन के साथ काम किया उसने एक बार फिर सिद्ध कर दिया कि, TEAM WCL कोल इंडिया की बेहतरीन टीम है। हम अपने नेक इरादों में सफल हो सके, क्योंकि हमारे विज़न और मिशन दोनों स्पष्ट थे। बुलंद इरादों के साथ हम वर्तमान एवं भविष्य की बड़ी से बड़ी चुनौती का भी मुकाबला बखूबी कर सकते हैं।

दोस्तों, TEAM WCL ने इस साल के पहले दिन ही अब तक का सर्वाधिक रेक लोडिंग, कोयला-प्रेषण और उत्पादन का रिकॉर्ड कायम किया। वेकोलि ने एक जनवरी को अब तक का सर्वाधिक 36 रेक कोयला एक दिन में लोड किया। इसी तरह, कम्पनी ने अपने उपभोक्ताओं को 1 लाख 83 हजार टन कोयले का रिकॉर्ड डिस्पैच किया। वेकोलि ने 2 लाख 4 हजार टन कोयला उत्पादन किया, जो WCL के इतिहास में अब तक का सर्वाधिक है। आप सबों ने वास्तव में नया इतिहास रच दिया।

साथियों, हमने 1 से 15 जनवरी, 2019 तक 'कोयला प्रेषण पखवाड़ा' के क्रम में 1 से 7 जनवरी, 2019 तक 'रेल कोल सप्ताह' मनाया, जिसने रेलवे तथा वेकोलि के बीच समन्वय को और सुदृढ़ किया। रेल कोल सप्ताह का शुभारंभ एक जनवरी को 36 रेक लोडिंग के साथ हुआ, जो कि दिसंबर 2018 के दौरान औसत 27 रेक था। यह TEAM WCL तथा सेंट्रल रेलवे (CR), साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे (SECR) एवं साउथ सेंट्रल रेलवे (SCR) के सराहनीय योगदान और मदद से संभव हो सका। रेल कोल सप्ताह के दौरान, रेक लोडिंग में 33.33 प्रतिशत की यह वृद्धि रेलवे तथा WCL द्वारा सभी क्षेत्रों की प्रत्येक साइडिंग स्तर पर संयुक्त सघन मॉनिटरिंग की सफलता का परिणाम है। इससे पहले मार्च 2018 में कम्पनी ने एक दिन में सर्वाधिक 32 रेक कोयला डिस्पैच किया था। इस प्रकार हम स्वयं के रिकार्ड को ब्रेक कर रहे हैं, जो हमारी उत्तरोत्तर उन्नति को दर्शाता है।

वेकोलि ने वित्तीय वर्ष 2018-19 की तीन तिमाही में ही उत्पादन में अब तक का सर्वाधिक 15.9 प्रतिशत तथा डिस्पैच में 13.4 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की है और हम पॉवर प्लांट्स को काफी हद तक गुणवत्ता युक्त कोयला देने में सफल रहे हैं। वर्तमान वित्तीय वर्ष की अंतिम तिमाही के प्रारंभ में ही प्राप्त इन उपलब्धियों से उत्साहित TEAM WCL न केवल उत्पादन और कोयला प्रेषण का अपना लक्ष्य पूरा करेगी, बल्कि इस वित्तीय वर्ष की शेष एक तिमाही में और भी नए कीर्तिमान स्थापित करेगी।

आज इस अहम दिवस के अवसर पर मैं आप सबसे आह्वान करता हूँ कि, हम चालू वित्तीय वर्ष 2018-19 में अपनी वार्षिक कार्य योजना के लक्ष्य 52.5 मिलियन टन कोयला उत्पादन के साथ 59.7 मिलियन टन कोयला-प्रेषण करने और 218.5 मिलियन क्यूबिक मीटर ओवर बर्डन को हटाने का संकल्प ले स्वयं को राष्ट्र की सेवा में समर्पित करें। चालू वित्तीय वर्ष में हमने 1 अप्रैल से 31 दिसम्बर, 2018 तक कुल 32.16 मिलियन टन कोयला उत्पादन किया जो गत वर्ष की तुलना में 15.90 प्रतिशत अधिक है। निरंतर मॉनिटरिंग के चलते हमारी टीम ने HEMM उपकरणों का 85 प्रतिशत यूटिलाइजेशन किया है, जो गत वर्ष की इस अवधि की तुलना में 10 प्रतिशत अधिक है। वेकोलि की भावी संभावनाओं के मद्देनजर WCL बोर्ड द्वारा लगभग 20 मिलियन टन क्षमता की खनन योजना को मंजूरी दी गई है, जिनमें उमरेड OCP, पैनगंगा OCP, दिनेश, पौनी-II एक्सपेंशन और सिंघोरी प्रमुख हैं।

हमें आपको बताते हुए हर्ष का अनुभव हो रहा है कि, चालू वित्तीय वर्ष 2018-19 में लोक उद्यम विभाग के दिशानिर्देशों का अनुपालन करते हुए वेकोलि ने अपने सर्वाधिक महत्वपूर्ण हितधारकों, खदानों के आस-पास रहने वाले लोगों के जीवन में सार्थक और समसामयिक बदलाव लाने के उद्देश्य से निगमित सामाजिक दायित्व (CSR) के विभिन्न अभिक्रमों को क्रियान्वित किया।

वित्तीय वर्ष 2017-18 में सी.एस.आर. की गतिविधियों पर जहाँ 7.23 करोड़ रूपए खर्च किये गए थे वहीं वित्तीय वर्ष 2018-19 में सी.एस.आर. की करीब 100 गतिविधियां आयोजित की जानी हैं, इस वर्ष दिसम्बर 2018 तक 1.5 करोड़ रूपए खर्च किये गए। स्कूल-कॉलेजों में प्रोजेक्ट पंख के तहत सेनेटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन लगाने के लिए 50 लाख रूपये की अनुदान राशि दी गई। गाँव के लोगों के जीवन स्तर को ऊँचा उठाने के उद्देश्य से सामुदायिक केन्द्र एवं रंगमंच (चौपाल) बनाए गए। ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल प्रदान करने के उद्देश्य से RO प्लांट्स लगवाए गये। भारत सरकार की स्वच्छ भारत की मुहिम में वेकोलि ने एक ओर जहाँ अनेक स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया वहीं दूसरी ओर कई स्थानीय जिला प्रशासनों को अपने अधिकार क्षेत्रों में शौचालयों आदि के निर्माण के लिए वित्तीय सहायत भी प्रदान की। परियोजना प्रभावित (PAPs) युवाओं को निकटतम स्थानीय कौशल विकास केन्द्रों में प्रशिक्षण प्रदान कर स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया गया। कर्मियों के लिए खेल गतिविधियों को भी विशेष रूप से बढ़ावा दिया गया।

चालू वित्तीय वर्ष 2018-19 में विभिन्न चिकित्सा शिविरों जैसे ग्रामीण स्वास्थ्य जांच शिविर, एड्स/एचआईवी जागरूकता शिविर, नशा मुक्ति शिविर, परिवार नियोजन और आँख जाँच शिविरों का आयोजन किया गया, जिसमें कोयलांचल के आस-पास के लोगों ने स्वास्थ्य लाभ उठाया। मोबाइल मेडिकल वैन के जरिये आस-पास के गाँवों में चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया।

इस वित्तीय वर्ष में हमने दिसम्बर 2018 तक मध्य प्रदेश राज्य वन विकास निगम (MPRVVN) के साथ मिलकर कुल 80 हेक्टेयर भूमि पर दो लाख पौधों का रोपण खदानों एवं उसके आस-पास के क्षेत्रों में किया है। खदान सुरक्षा के क्षेत्र में भी हम सदैव तत्पर रहेंगे। खदान दुर्घटनाओं पर रोक लगाना अत्यंत अनिवार्य है। और यह बात मैं जोर देकर कहना चाहूंगा कि, 'हमें सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं करना है। स्वयं के परिवार की परवरिश एवं संपन्नता के लिए हम सभी को सुरक्षा नियमों का पालन कड़ाई के साथ करना है।' इस वर्ष वेकोलि की